तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 7 सितंबर 2025

11 व्याख्याता एनुका राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित



12 अच्छी फसल के बावजूद चिंतित हैं किसान








## खबर संक्षेप



### टेमाबुजुर्ग में सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**दल्लीराजहरा।** गणेश उत्सव समिति स्कूलपारा, टेमाबुजुर्ग द्वारा 7 सितंबर को रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर माटी के शौधी खुशबू आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम टेमाबुजुर्ग के स्कूलपारा में आयोजित होगा और छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति गीत, नृत्य तथा लोक नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से माटी और परंपराओं की खुशबू को आगे लाने का प्रयास करेगा। समिति का कहना है कि यह आयोजन सामुदायिक एकता बढ़ाने तथा स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से रखा गया है। आयोजकों ने कहा है कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा नियमों व समारोह संयम का पालन अनिवार्य रहेगा।

### हुई झमाझम बारिश मौसम हुआ सुहावना

**गुरूर।** नगर में सुबह से लेकर दोपहर तक मौसम खुला रहा, जिसके बाद शाम होते होते ही नगर मे तेज बारिश देखने को मिली। जहां देर शाम हुई बारिश के कारण मौसम सुहावना हो गया तथा तेज बारिश के कारण आवागमन ठप हो गया तथा मार्ग से आवागमन कर रहे लोग तेज बारिश के कारण मार्ग के किनारे स्थित दुकानो के पास बारिश से बचने के लिए रूकते दिखे। यह नजारा अंबेडकर चौक का है जहां घने बादलो के बीच बारिश से सड़के खाली हो गए और सड़को में बारिश की रिमझिम बूंदे ही दिखाई देने लगी।

### तीन माह बाद बृजमोहन सिंह को मिली जमानत

**भिलाई।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सोशल मीडिया के जरिए कथित टिप्पणी को लेकर जेल में निरुद्ध साडा के पूर्व उपाध्यक्ष और कांग्रेस नेता बृजमोहन सिंह को जमानत मिल गई है। उन पर सोशल मीडिया के जरिए अभद्र टिप्पणी करने का आरोप है। इस मामले में वे पिछले करीब तीन महीने से जेल में बंद थे। उन पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 483 के तहत वैशाली नगर थाने में चार जून को अपराध दर्ज हुआ था। इस मामले में बृजमोहन सिंह के वकील ने कोर्ट में तर्क दिया कि मामला राजनीतिक रूप से प्रेरित है। आरोपी लंबे समय से जेल में है। कोर्ट ने मामले की परिस्थितियों को देखते हुए और ट्रायल में देरी की संभावना के आधार पर बृजमोहन सिंह को शर्तों के साथ जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

### डिजिटल अरेस्टः लखनऊ से आरोपी हुआ गिरफ्तार

**भिलाई।** डिजिटल अरेस्ट मामले में सातवां फरार आरोपी को पुलिस ने लखनऊ से गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नम्रता चन्द्राकर ने नेवई पुलिस में शिकायत किया था. जिसमें 29 अप्रैल को सीबीआई अफसर बनकर पिता को विडियो काल कर उनके खाते से 2 करोड का मनी लाड्रिंग होने का झांसा दिया था। पीड़ित के अल-अलग खातों से 54 लाख 90 हजरा रुपए का ठगी यूपी निवासी राजेश विश्वकर्मा उर्फ राजू पेंटर,दीपक गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता,शुभम श्रीवास्तव, ऋषिकेस जोशी, चंदन बालकरण सरोज और लखनऊ लाईक अहमद के साथ मिलकर ठगी किया था।

## कार्रवाई : वर्षों से फरार था चिटफंड कंपनी डायरेक्टर

# कोरोड़ों की ठगी मामले में चिटफंड डायरेक्टर ओडिशा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर आरोपी काली प्रसाद मिश्रा को भुनेश्वर ओडिशा से गिरफ्तार करने में बालोद पुलिस को कामयाबी मिली।

■ कोरोड़ों का निवेश कराकर लोगों से की थी धोखाधड़ी

दीगर राज्य से अपराधियों को पकड़ने में लगातार बालोद पुलिस को सफलता मिल रही। आरोपी माइक्रिलीजिंग एंड फंडिंग लिमिटेड और माइक्रोफाइनेंस चिटफंड कंपनी का डायरेक्टर था।

थाना बालोद व साइबर सेल से एक टीम गठित कर चिटफंड के फरार आरोपी की पतासाजी हेतु भुनेश्वर ओडिशा राज्य भेजा गया, टीम द्वारा वहां कई दिन कैम्प कर लोकल इंट मुखबिर लगाकर और लोकल थाना के सहयोग से कई वर्षों से फरार चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर काली प्रसाद मिश्रा को गिरफ्तार करने में बालोद पुलिस को सफलता मिली है।

मामले मे धारा 420, 34, 467, 468, 471,406 भादवि, 3, 4, 5 ईनामी चिटफंड एवं धन परिचालन स्कीम पाबंदी अधिनियम, धारा 10 छत्तीसगढ़ निक्षेपको के हितो का संरक्षण अधिनियम के तहत को चिटफंड कंपनी के डायरेक्टरों द्वारा लोगो का पैसों का ब्याज ज्यादा देने के नाम पर करोड़ों रुपए का अपने कंपनी में निवेश करा कर धोखाधडी किया गया था।

आरोपी अपने कथन में बताया कि वह एमबीए तक का पढ़ाई किया है माईक्रोलिजिंग एण्ड फंडिग लिमिटेड, माईक्रोफाईनेंस कंपनी हेड ऑफिस भुनेष्वर(उड़िसा) का वर्ष 2004 से 2013–14 तक डारेक्टर रहा है। इस दौरान कंपनी के नियमानुसार छत्तीसगढ़ के बालोद जिला क्षेत्र में अपने एजेंट के माध्यम से विभिन्न निवेषको से लाभांष देने की बात बता कर करोडो. रूपये कंपनी में जमा करवाये है। कंपनी ने जब जब भी निवेषको से रकम जमा करवाया और बाउंड पेपर में पावती दिए गए। सन 2014 से 2016 के बीच कंपनी का जांच शासन के द्वारा करने लगा तब घबराकर उक्त कंपनी को जहॉ जहॉ ऑफिस खुला था उसे बंद कर दिये। आरोपी ने छत्तीसगढ़ में कंपनी की डायरैक्टरी से सन 2013–2014 में रिजाईन दे दिया था, जब कंपनी के नाम पर छत्तीसगढ़ में कई जगह अपराध रजिस्टर्ड होने लगा तब से आरोपी गिरफतारी के भय से छीप कर रह रहा था। आरोपी कुछ पैसे अपने जान पहचान से उधार लेकर फिल्म लाईन में छोटे छोटे रिल्स बनाकर अपना जीवन यापन कर रहा है।

जिसमें गिरफ्तार आरोपी में मकान नंबर 11 आर्य भूमि हाउंसिग सोसायटी नियर सेंटजेवियर इंटरनेशनल स्कुल पटिया थाना चंद्रशेखरपुर जिला खोरदा भुनेष्वर(उड़िसा) वर्तमान पता डिवाईन्ड कलिंगा 6 फ्लौर फैलैट नंबर 602 थाना भरतपुर जिला खोरदा भुनेष्वर उड़िसा काली प्रसाद मिश्रा पिता दुर्गा प्रसाद मिश्रा 39 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।



**कई वर्षों से था फरार**

जिस पर प्रकरण में कई वर्षों से फरार आरोपी केजी पतासाजी हेतु साइबर और थाना बालोद से विशेष टीम बना कर निर्देशित किया गया था। टीम द्वारा आरोपी के संबंध में तकनीकी डेटा के आधार पर जानकारी एकत्र कर आरोपी की पुख्ता जानकारी होने पर विशेष टीम भुनेश्वर ओडिशा रवाना किया गया था। टीम वहां पहुंच कर कई दिन कैंप कर लोकल संनसूचना पर लोकल पुलिस की मदद से आरोपी की जानकारी प्राप्त कर आरोपी कालीप्रसाद मिश्रा को विधिवत गिरफ्तार कर जिला बालोद लाया गया।

# 5 रुपये को लेकर दो पक्षों में मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

5 रूपये के बिस्किट के पैसे के लेन देन के संबंध में दो पक्षो में मारपीट हो गई, जिसके बाद दोनो ही पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने अलग अलग धाराओ के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

■ गांव सतमरा की घटना जांच में जुटी पुलिस

जिसमे प्रथम पक्षकार ग्राम सतमरा निवासी रामेश्वरी साहू ने पुलिस को बताया कि घर में किराना स्टोर्स व आटा चक्की का दुकान है, दुकान को मैं, मेरे पति और मेरा लड़का तीनों मिलकर चलाते हैं। गांव का ज्ञानचंद साहू हमारे दुकान किराना स्टोर्स में आया तो मैं बोली कि आपका दो दिन पूर्व 5 रू. बिस्किट का पैसा बाकी है, उसे कब दोगे जिस पर ज्ञानचंद साहू बोला कि मेरा कितना पैसा इधर उधर फंसा है, तुम्हारी क्या औकात है, तुम 5 रू. के लिये बोल रहे हो, कहकर गाली गलौज करते हुए घर चला गया। थोड़ी देर बाद ज्ञानचंद साहू आया और मुझे 5 रू दिया और बोलने लगे कि तुम मुझे 5 रू के लिये बोल रही हो, कहकर गाली गलौज कर चला गया, थोड़ी देर बाद ज्ञानचंद साहू और उसके पिता माखन लाल साहू दोनों मेरे दुकान के सामने आकर दोनों गाली गलौज किये जिसे सुनकर मेरे पति छन्नु साहू घर से बाहर निकले और माखन साहू को समझा रहे थे, तो माखन साहू मेरे पति छन्नु साहू का गला पकड़ लिया था और ज्ञानचंद साहू ने मुझे गाल एवं गर्दन पर चार–पांच झापड़ मारपीट किया है, मारपीट करने से मेरे गाल, गर्दन में दर्द हो रहा है, दाहिने हाथ की चूड़ी टूट गया है, जिससे खरोच आया है। घटना को मेरे पति छन्नु साहू, गांव के संतराम साहू देखे व बीच बचाव किये हैं। जिसके बाद रामेश्वरी साहू की रिपोर्ट पर पुलिस ने ज्ञानचंद साहू, माखन लाल साहू के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। दूसरे पक्षकार ग्राम सतमरा ज्ञानचंद साहू ने पुलिस को बताया सेलुन दुकान से घर वापस जा रहा था, कि रास्ते में छन्नू किराना स्टोर्स दुकान के पास पहुंचा था, उसी समय रामेश्वरी साहू मुझे बिस्किट का 05 रू0 पैसा कब दोगे गुड्डू बोली तब मै लाकर दे रहा हूं भाभी बोलकर घर पैसा लाने के लिए चला गया, फिर कुछ समय बाद 05 रू0 लाकर रामेश्वरी साहू को दे दिया, रामेश्वरी साहू मुझे गाली दे रहे हो कहकर अपने पति छन्नूराम साहू से मार ▶▶| शेष पेज 11 पर

# बाल युवा गणेश का हुआ विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बोरगांव

ग्राम बोरगांव में बाल युवा गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेश उत्सव का आयोजन किया गया। गणपति बप्पा की भव्य स्थापना के पश्चात अब समिति द्वारा गणेश विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है।

समिति के अध्यक्ष विजय कुमार चक्रधारी, उपाध्यक्ष लोकेश देवहारी एवं सचिव देवराज चक्रधारी ने बताया कि विसर्जन जुलूस आकर्षक और भक्तिमय माहौल में निकाला जाएगा। इस अवसर पर गांव के युवा साथी राजीव, लक्की, मधु, रानी, माही, थामेश, लल्ली, भावेश, वंदु, मेघा, टप्पू और मोक्ष भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।गांव में गणेश उत्सव के दौरान सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गणेश विसर्जन पर गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंजेगा और बोरगांव में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।



### शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को श्रीफल भेंटकर किया सम्मानित

**गुण्डरदेही।** तहसील अध्यक्ष मानसिंग सार्वा व पदाधिकारियो ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का तहसील साहू सदन मे श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। अध्यक्ष मानसिंग सार्वा व पदाधिकारियो ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का तहसील साहू सदन मे श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। डॉ मानसिंग सार्वा ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है। शिक्षकगण अपने ज्ञान पुंज के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहते हुए सर्व समाज के हित में सदैव मार्गदर्शन करते रहे। सेवानिवृत शिक्षक सरजू राम साहू, उधो राम साहू, अशोक कुमार साहू, इंद्रजीत साहू, जग्गू राम साहू और किशन लाल साहू का सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष मानसिंग सार्वा, उपाध्यक्ष हेमंत साहू, सचिव राजेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष दिलीप कुल्हारे, टीकम सिंह साहू, वीरेंद्र कुमार साहू, भागवत साहू उपस्थित थे।

# दो शिक्षकों की ग्रामीणों ने बीईओ से की शिकायत, तबादले की मांग

## कहा- नहीं पढ़ाते शिक्षक, दिनभर मोबाइल चलाते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

बालोद जिले के ग्राम कोड़ेवा के ग्रामीणों ने गांव के स्कूल के दो शिक्षकों के खिलाफ विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है और उनके तत्काल तबादले की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि दोनों शिक्षकों की वजह से बच्चों की पढ़ाई का स्तर बहुत गिर गया है।

ग्रामीणों ने गुंडरदेही के बीईओ को सौंपे एक ज्ञापन में बताया कि प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक मेनसिंह साहू और शिक्षक शेखर निषाद की कार्यशैली ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानाध्यापक मेनसिंह साहू, जो कि कोटगांव संकुल के समन्वयक भी हैं, अपने संकुल के कार्यों में इतने व्यस्त रहते हैं कि वे स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त समय नहीं दे पाते। वे अक्सर देर से स्कूल आते हैं और बच्चों से स्कूल के बगीचे की साफ-सफाई करवाते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने शिक्षकों से उपस्थिति रजिस्टर शिक्षक डायरी दिखाने को कहा, तो उन्हें बीईओ कार्यालय से जानकारी लेने के लिए कहा गया, जो एक अनुचित व्यवहार है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव की 1500 की आबादी होने के बावजूद, प्राथमिक शाला में केवल 48 और पूर्व माध्यमिक शाला में 50 बच्चे ही पढ़ रहे हैं, जबकि 100 से अधिक बच्चे पढ़ाई के लिए बाहर के स्कूलों में जाने को मजबूर हैं।

शिक्षक शेखर निषाद के बारे में भी ग्रामीणों ने कई शिकायतें की हैं। उनका कहना है कि निषाद का व्यवहार बच्चों ▶▶| शेष पेज 11 पर



**शिकायत मिली है**

कोड़ेवा स्कूल के शिक्षकों के खिलाफ शिकायत मिली है और मामले की जांच करवाई जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
-**नवीन यादव**, बीईओ, गुंडरदेही

## जिला परिवहन विभाग ने आम लोगों को धोखाधड़ी से बचने अपील की

# ई-चालान के नाम पर नकली लिंक से रहें सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि हाल के दिनों में राज्य में आरटीओ ई चालान से संबंधित स्कैम सामने आ रहे हैं, जिसमें नकली ई चालान के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियम तोड़ने के बारे में डराने वाले संदेश व्हाट्सएप के माध्यम से लिंक भेजकर आम लोगों की व्यक्तिगत जानकारी और जमा खाते से पैसे चुरा लेते है।

■ लिंक भेजकर आम लोगों की जानकारी लेकर खाते से चुरा लेते हैं पैसे

जिला परिवहन अधिकारी ने जिले के आम लोगों से यह अपील है कि ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए मैसेज लिंक पर क्लिक न करें। अपने वास्तविक चालान की जांच करने के लिए अधिकारिक विभागीय वेबसाईट ईचालान परिवहन डॉट जीओवी डॉट इन पद पर जाकर ई–चालान के पेज पर पे ऑनलाईन पर क्लिक कर चालान नंबर एवं कैप्चा कोड डालकर गेट डिटेल पर क्लिक कर मोबाइल ओटीपी डालकर चालान विवरण संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पुलिस एवं परिवहन के प्रवर्तन अमले द्वारा जब भी ई-चालान किया जाता है, पंजीकृत मोबाइल में संबंधित को टेक्स्ट मैसेज अधिकारिक वेबसाईट पद के माध्यम से ही भेजे जाते हैं।

आम लोगों की जागरूकता के लिए यह अपील है कि यदि आपको किसी ई चालान मैसेज के साथ कोई लिंक मिलता है, तो उस पर कभी क्लिक न करें। कभी भी किसी अजनबी को ऑनलाइन पैसे का भुगतान न करें और अपने खाते से किसी भी लेने देन से सावधान रहें। किसी भी धोखेबाज कॉल, संदेश या ऐप के संबंध में निकट पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं।




# तीन स्कूल के शिक्षक शिक्षादूत से अलंकृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल आमापारा बालोद में 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर विशंभर सिंह बगमरिया प्राथमिक विद्यालय धनगांव, रविचंद सिन्हा प्राथमिक विद्यालय अंडी, लक्ष्मी गंजीर प्राथमिक विद्यालय भरका पारा देवरी को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के तहत शिक्षा दूत से अलंकृत किया गया, जिसमें प्रत्येक को 5000 रुप शाल, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। अलंकृत शिक्षकों ने नवाचार, जादुई पिटारा, खेल खेल में शिक्षा के माध्यम से सरलता से सिखाने में कामयाब हुए। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी बालोद, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, गुण्डरदेही ▶▶| शेष पेज 11 पर

# नेटवर्क केबल बिछाने के नाम पर गड्ढे खोदकर छोड़े जा रहे, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अलग खबर

शहर में इन दिनों एयरटेल कंपनी द्वारा नेटवर्क केबल बिछाए जा रहे हैं, इसके लिए जहां-तहां गड्ढा खोदा जा रहा है।

गड्ढों को खुला छोड़ दिया जा रहा है, इसकी वजह से हादसों की खतरा बना हुआ है। इतना ही नहीं बिना पाइपलाइन की जानकारी के गड्ढा किया जा रहा है, इससे पाइपलाइन को नुकसान पहुंचने का खतरा बना हुआ है। पार्षदों ने इसे लेकर आयुक्त से शिकायत की है। उन्होंने कहा है कि चार से पांच जगहों पर गड्ढा खोदने के नाम पर कई जगह गड्ढा खोद दिया जा रहा है। प्रॉपर फिलिंग नहीं की जा रही है, न ही खोदने से पहले अनुमति ली जा रही है। लोगों को वाई फाई व मोबाईल नेटवर्क सुविधा देने के नाम पर मनमानी पूर्ण तरीके से खुदाई कर फायबर केबल बिछाए जा रहे हैं।

कई जगहों पर रोड के दोनों तरफ बेतरतीब ढंग से पोल भी लगाए जा रहे हैं। कंपनी कर्मियों द्वारा ऐसे रोड में पोल लगाया जा रहा है, जिससे चौड़ीकरण का कार्य प्रस्तावित हो रहा है।



## पार्षदों ने की आयुक्त से शिकायत, पेयजल पाइपलाइन को नुकसान पहुंचने का भी खतरा

### जहां पेवर ब्लॉक बिछाया जाना था वहां भी खोद कर छोड़ा

जानकारी के मुताबिक गयानगर में पेवर ब्लॉक बिछाई जाने वाली जगह पर भी गड्ढा खोद दिया गया है। केबल के लिए पाइप लाइन को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। पूर्व सभापति दिनेश देवांगन ने गया नगर क्षेत्र में चल रहे खुदाई कार्य के मौके पर पहुंचकर न केवल काम रुकवाया, बल्कि निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल को भी शिकायत कर कामकाज की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। वर्तमान में राजीव नगर, मठ पारा, मरार पारा, गिरधारी नगर, उरला बघेरा क्षेत्र में काम किया जा रहा है।

### स्थानीय लोगों ने किया विरोध, काम रुकवाने की दी गई चेतावनी

इस संबंध में वार्ड पार्षद लीना देवांगन ने कहा कि रहवासियों की भारी विरोध के बावजूद एयरटेल कंपनी द्वारा शिव नगर में मोबाइल टावर लगा दिया। अब उक्त टावर से आस पास के कई वार्ड तक आउट डोर व अंडर ग्राउंड केबल लगाने दो स्तर पर कार्य किया जा रहा है। एक तरफ जमीन के अंदर से केबल बिछाई जा रही है तो दूसरी ओर विद्युत खम्बों के समानांतर दोनों ओर अलग अलग खंबे भी लगाए जा रहे है। बघेरा से गया नगर तक डोंगिया बांधा तालाब के किनारे प्रस्तावित चौड़ीकरण मार्ग में बेतरतीब ढंग से खंबे खड़े कर दिए हैं, जिसका मार्ग विस्तारीकरण कार्य स्वीकृत हो चुका है।शिव नगर में पेवर ब्लॉक का काम होना है, वहां भी खोद दिया गया है।

### निगम के इंजीनियरों से नहीं कराया लेआउट अप्रुवल

जानकारी के मुताबिक नियमतः निगम के इंजीनियरों को जानकारी देकर ले आउट एप्रुल कराने के बाद ही गड्ढा खोदा जाना है, लेकिन बिना इंजीनियरों को जानकारी दिए ही काम किया जा रहा है। राजीव नगर, मठ पारा, मरार पारा, गिरधारी नगर, उरला, बघेरा क्षेत्र में काम किए जा रहे हैं। इसके चलते बने बनाए सड़क, नाली क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। चौड़े मार्ग भी सकरे व बेतरतीब दिखाई दे रहे हैं। मामले को लेकर आयुक्त सुमित अग्रवाल से शिकायत की गई है। उन्होंने जांच के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप



### 20 लाख से शिव शक्ति कॉलोनी में बनेगी सड़क

**भिलाई।** अधोसंरचना मद से वार्ड 34 के वीर शिवाजी नगर मिलन चौक छापरिया मोहल्ला बाबा कॉलोनी शिव शक्ति कॉलोनी में 20 लाख की लागत से सीमेंटीकरण की शुरुआत की गई। कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से जोन अध्यक्ष डॉ. जलंधर सिंह, वार्ड 33 की पार्षद शैलजा राजू, कैंप महिला मंडल पूर्व उपाध्यक्ष ममता भारद्वाज, प्रभावती सिंह, मनीषा सिंह, नेहा सिंह, सुनीता गुप्ता, सुगंधी चौहान, राधिका चौहान, नीतू पाण्डेय, रामवती चौहान, नीरा साहू, पुष्पा प्रजापति, रेखा मांझी, शीला मांझी, सुभाषी चौहान, कलावती चौहान, रम्भा देवी सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### एसएमएस-2 रिकार्ड आर्डर टीम वर्क से मिली सफलता

**भिलाई।** बीएसपी के स्टील मेल्टिंग शाप 2 ने पहली बार एसएई-1006 ग्रेड के स्टील स्लैब का निर्यात आर्डर को पूरा किया है। एसएमएस-2 ने इंडोनेशिया को निर्यात के लिए 30 हजार टन स्लैब का उत्पादन किया। इसकी शुरुआत 14 अगस्त को 1200 टन के पहले प्रेषण से हुई थी। एसएई-1006 ग्रेड स्लैब की रोलिंग के चुनौतीपूर्ण कार्य को टीमवर्क से पूरा कर इस ग्रेड के स्लैब का उत्पादन किया।

## कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जारी किए निर्देश, 3277 बोरी की गई राजसात

# 11 फर्मों ने किया 145 मीट्रिक टन उर्वरक का अवैध भंडारण, राजसात कर किसानों को बेचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

*जिले में खाद-बीज की खासी कमी रही। बावजूद कई फर्में ऐसी हैं, जिन्होंने मुनाफाखोरी के लिए बड़ी मात्रा में उर्वरक का भंडारण किया। ऐसी 11 फर्मों से जिला प्रशासन ने करीब 145.85 मीट्रिक टन उर्वरक जब्त किया है। करीब 3277 बोरियों में रखे इस उर्वरक को राजसात कर लिया गया है। अब इसे निर्धारित दामों में किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है।*

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के मुताबिक खरीफ 2025 में जिले के कृषकों के मांग अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उच्च गुणवत्तायुक्त आदान सामग्री यथा उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए कृषि विभाग द्वारा सघन अभियान चलाते हुए निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों की जांच की।

इस दौरान पीओएस स्कंध एवं भौतिक स्कंध में अंतर, बगैर स्त्रोत प्रमाण पत्र के उर्वरक भण्डारण, विक्रय, प्रतिष्ठान में मूल्य सूची प्रदर्शित न होना, केश मेमो जारी नहीं करना, बिल बुक निर्धारित प्रारूप में न होना, स्कंध पंजी संधारण अधूरा होने इत्यादि कारणों से 11 उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों में अनियमितता मिली। स्थानीय उर्वरक निरीक्षकों द्वारा कुल 3277 बोरी में 145.85 मीट्रिक टन उर्वरकों को जब्त किया। संबंधित विक्रेताओं से कारण बताओ सूचना जारी कर जवाब मांगा गया। संबंधित उर्वरक विक्रेताओं का जवाब संतोषजनक न होने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 का उल्लंघन पाये जाने पर धारा 7 के तहत जब्तशुदा उर्वरकों को राजसात करने हेतु आदेशित किया गया है। राजसात किये गये उर्वरकों को स्थानीय किसानों को सूचित करते हुए निर्धारित दर पर विक्रय पश्चात राशि शासन के खजाने में जमा करने हेतु कृषि विभाग को निर्देशित किया गया है।

**भंडारण की जांच करते अधिकारी**



### बाजार मूल्य पर बेचे जाएंगे उर्वरक, सरकारी कोष में जमा होगी राशि

जानकारी के मुताबिक कृषि विभाग के कर्मचारी अपनी उपस्थिति में नियमानुसार उर्वरकों को निर्धारित दर यूरिया-266.50 रुपए, डीएपी-1350 रुपए, पोटाश-1535 रुपए, 20:20:0:13-1300 रुपए., एसएसपी पाउडर-469 रुपए, एसएसपी दानेदार-510 रुपए एवं अन्य उर्वरकों को बोरे में अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य के आधार पर विक्रय कर प्राप्त राशि शासन के कोष में जमा करेंगे, जिन किसानों को उपरोक्त उर्वरकों की आवश्यकता है। वे अपने आधार नम्बर एवं ऋण पुस्तिका की प्रति के साथ निकटतम प्रतिष्ठान में पहुंच कर धारित कृषि रकबे के अधीन आवश्यकता अनुसार उर्वरक क्रय कर सकते हैं। उर्वरक की कालाबाजारी, मुनाफाखोरी, अधिक दर पर विक्रय, अन्य प्रयोजन में उपयोग इत्यादि की शिकायत हेतु कृषि विभाग के स्थानीय अधिकारी अथवा जिला नियंत्रण कक्ष के मोबाईल नंबर-9907109662 पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

### नियम विरुद्ध भंडारण करने वाली फर्मों पर नियमतः कार्रवाई

उप संचालक कृषि से मिली जानकारी अनुसार जिले के उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठान देवांगन कृषि केन्द्र रानीतराई का यूरिया-13.27 टन, टीएसपी-13.80 टन और 28:28:0-0.40 टन, कृषि सेवा केन्द्र पाटन डीएपी-4.40 टन एवं यूरिया-28.35 टन, ओम कृषि केन्द्र अंजोरा ख का 20:20:0:13-2.65 टन, 24:24:0-1.20 टन, आमोनियम सल्फेट-0.55 टन, टीएसपी-2.05 टन, पोटाश-1.95 टन, एसएसपी-2.50 टन, यूरिया 1.44 कुल-12.34 टन, सिन्हा ट्रेडर्स, अंजोरा ख का यूरिया-28.53 टन, पोटाश-0.65 टन, एसएसपी-1.25 टन कुल मात्रा 30.43 टन, बुरहानी एग्रो इण्डस्ट्रीज खपरी एनपीके 6:12:36 कुल मात्रा 4 किग्रा, देवांगन कृषि केन्द्र ननकट्ठी का टीएसपी -14.80 टन, चन्द्राकर ट्रेडर्स मचान्दुर का जिंकेटेड सिंगल सुपर फॉस्फेट 0.50 टन, नम्रता कृषि केन्द्र कोनका का यूरिया 24.30 टन, साहू कृषि केन्द्र मलपुरीकला का यूरिया 6.12 टन, प्रयाग कृषि केन्द्र कोड़िया का यूरिया 10.44 टन, महाफीड स्पेशलिटि फर्टि. (इंडिया) प्रा.लिमि. का एनपीके 21.11.21 - 1.00 टन एवं एनपीके 00.09.46 - 0.50 टन कुल 3277 बोरी 145.85 टन उर्वरकों को राजसात किया गया है।

# जन औषधि केंद्र संचालक ने नहीं जमा किया किराया, जारी होगा नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला चिकित्सालय के टेलीमेडिसिन कक्ष में जीवनदीप समिति की बैठक कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के आय-व्यय विवरण पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने एजेंडावार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एजेंडावार चर्चा के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित साइकिल और स्कूटर स्टैंड का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। कलेक्टर ने इस पर निर्देश दिए कि नियमानुसार संबंधित को नोटिस जारी कर पुनः टेंडर आमंत्रित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के संचालक द्वारा किराया जमा न किए जाने पर नोटिस देने तथा तय समयावधि में किराया जमा न होने पर पुनः निविदा आमंत्रित करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी बताया गया कि दवाइयां, उपकरण, एक्स-रे

■ **जीवनदीप समिति की बैठक में हुई समीक्षा, दिए गए कई निर्देश**

फिल्म, पैथोलॉजी सामग्री तथा कम्यूमेबल सीजीएमएससी से प्राप्त नहीं हो पा रही हैं और नियमित बजट मद में भी राशि उपलब्ध नहीं है। इस स्थिति में आवश्यकतानुसार सामान्य सभा की प्रत्याशा में खर्च किए जाने का निर्णय लिया गया। चिकित्सालय में कार्यभार की अधिकता को देखते हुए एक धोबी की नियुक्ति करने तथा इलेक्ट्रिशियन के लिए पद सृजित करने के भी निर्देश दिए गए।

### जिला अस्पताल में स्थापित होगी डोनगांवकर की प्रतिमा

जिला चिकित्सालय परिसर में स्व. पांडुरंग डोनगांवकर रामाराव की प्रतिमा स्थापित करने हेतु स्थल निरीक्षण कर उचित स्थान पर स्थापना करने को कहा गया। इसके अलावा परिसर में प्रस्तावित 30 बिस्तरों वाले मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सालय के निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए। अधिकारियों ने बताया गया कि उक्त प्रस्तावित स्थल पर अतिक्रमण किया गया है, जिसके कारण निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। बैठक में एजेण्डा के अतिरिक्त अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन आशीन मिंज, आरएमओ अखिलेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## पार्टी को मजबूत बनाने एकजुट होकर करें काम : ताम्रध्वज साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांग्रेस की एक बैठक राजीव भवन दुर्ग में आयोजित की गई। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, सृजन अभियान विस्तार के प्रभारी प्रदीप शर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे।

■ **ब्लाक कांग्रेस कमेटी की राजीव भवन शनिचरी बाजार में हुई बैठक**

नए ब्लॉक अध्यक्ष को लेकर पार्टी की नीतियों के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदीप शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि कोई भी अकेले में मिल सकता है। कांग्रेस पार्टी में कर्मठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दिए जाने का यह एक नया अभियान है। जिसमें कार्यकर्ताओं से राय शुमारी करने के उपरांत ही अध्यक्ष बनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि गांव-गांव में बैठक कर कार्यकर्ताओं को संगठित करना है ताकि कांग्रेस पार्टी मजबूत हो। भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि आज केंद्र और राज्य में भाजपा की डबल इंजन की सरकार होने के कारण भी देशभर में महंगाई, भ्रष्टाचार, पेट्रोल डीजल की कीमतें बड़ी है। प्रदेश में आज क़ानून व्यवस्था चरमरा गई है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चंद्रकार, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र साहू, अध्यक्ष केश कला शिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, सहकारिता अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव, पूर्व जिला पंचायत सदयस्त योगिता चन्द्रकार सहित अन्य मौजूद थे।

## भिलाई के दानिश दुबई में दे रहे एआई और डेटा साइंस की शिक्षा

**भिलाई।** भिलाई के सैयद दानिश हसन ने अपनी चुनौतियों को पार कर दुनियाभर में सफलता हासिल की है। उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग तथा डेटा साइंस के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया जा रहा है। वर्तमान में वे दुबई में शिक्षा दे रहे हैं।



2018 में एक गंभीर दुर्घटना के बाद जब वे लगभग एक साल तक बिस्तर पर रहे, तब उन्होंने पढ़ाना शुरू किया और अपनी ज़िंदगी की दिशा बदल दी। दानिश ने बर्लिन जर्मनी में एमएससी इन डेटा साइंस किया। मशीन लर्निंग, डेटा इंजीनियरिंग, डिसीजन सपोर्ट सिस्टम्स में 100/100 अंक प्राप्त किए। इसके बाद उन्हें यूनिवर्सिटी ऑफ यूरोप फॉर एप्लाइड साइंसेज, दुबई में लेक्चरर बनने का मौका मिला। वर्तमान में वे बड्डीज एआई में एआई ग्रोथ एंड एंगेजमेंट मैनेजर, यूनिवर्सिटी ऑफ यूरोप फॉर एप्लाइड साइंसेज दुबई में डेटा साइंस के लेक्चरर और एमिटी यूनिवर्सिटी रायपुर में पीएचडी स्कॉलर हैं। सैयद पूरी दुनिया के छात्रों का मार्गदर्शन करते हैं। भिलाई व छत्तीसगढ़ के छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस में मुफ़्त सलाह देते हैं। छात्र उनसे ऑनलाइन जुड़ सकते हैं। उनकी कहानी बताती है कि दृढ़ इच्छा और मेहनत से कठिनाइयों को भी वैश्विक सफलता में बदला जा सकता है।

**प्रदर्शन को दिया समर्थन**

## राज्य सरकार एनएचएम कर्मियों की मांगें जल्द पूरी करे : आप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आम आदमी पार्टी ने राज्य शासन से मांग की है कि एनएचएम कर्मियों की जायज मांगों को तत्काल पूरा किया जाए। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि 18 अगस्त से वे अपनी 10 मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताली 25 कर्मचारियों की बर्खास्दगी एवं 16000 के सामूहिक इस्तीफे ने उनके आक्रोश को बढ़ाया है।

■ **मांगें नहीं पूरा होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी**

आप एनएचएम कर्मियों की मांगों का समर्थन करती है। सभी मांगें जायज हैं। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों के साथ अन्याय कर रही है। उनकी हड़ताल से पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था बिगड़ गई है। यह सीधे तौर पर सरकार की लापरवाही है। छत्तीसगढ़ में 10 मेडिकल कॉलेज हैं। सभी कॉलेजों में कॉलेज प्रोफेसर असिस्टेंट प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर सहित 642 पोस्ट रिक्त हैं। राजधानी में मेकाहारा में लगभग 50 डॉक्टरों की पोस्ट खाली है। डीकेएस सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल जो सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। वहां पर एक भी डॉक्टर रेगुलर नहीं है। जितनी भी प्रकार की सेवाएं एमआरआई, सिटी स्कैन, सोनोग्राफी और ब्लड टेस्ट सहित अनेक सेवाएं आउटसोर्सिंग के माध्यम से किया जाता है। अभी कुछ दिन पहले ही मेकाहारा हॉस्पिटल की 80 करोड़ की मशीन आउट डेटेड हो गई। दुर्ग जिले में भी स्वास्थ्य व्यवस्था बिगड़ी हुई है। समस्या के निराकरण को लेकर कहीं कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।

## मोदी सरकार का नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी सुधार ऐतिहासिक निर्णय : सरोज पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय ने केंद्र सरकार द्वारा नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार का फैसला आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह आम आदमी की जिंदगी को आसान बनाने के साथ ही अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले के प्राचीर से अपने भाषण में नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार का वादा किया था, जिसे पूरा करते हुए केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कटौती और सुधार किया गया जो अभिनंदीय और सराहनीय है। इससे आम आदमी, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा और व्यापक सुधार हमारे नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाएगा। विशेष रूप से छोटे व्यापारियों और व्यवसायों के लिए व्यापार करने में आसानी होगी। भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त, पारदर्शी और समावेशी बनाने के इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार, जिनके प्रयासों से यह संभव हो पाया।



सरोज पाण्डेय ने कहा अब सिर्फ दो जीएसटी स्लैब 5% और 18% रहेंगे। अब 12% और 28% स्लैब खत्म हो जाएंगे। इन सुधारों के बाद रोजमर्रा के घरेलू सामान, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, कृषि उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल पहले से अधिक किफायती होंगे।

### जीएसटी रिफॉर्म का निर्णय ऐतिहासिक : चंद्राकर



**भिलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिले से घोषित नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार अब साकार हो चुका है। इस ऐतिहासिक निर्णय पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह भारत की अर्थव्यवस्था को गति देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, व्यापारी और उद्योग जगत सभी वर्गों के लिए यह सुधार ऐतिहासिक सौगात है। अब जीएसटी की दरें सरल होंगी। केवल 5% और 18% की दो प्राथमिक स्लैब रहेंगे। इससे मध्यम वर्गीय परिवारों को रोजमर्रा की चीजें सस्ती, किसानों को कृषि उपकरण कम दाम पर, विद्यार्थियों को किताबें व कॉपियां कर मुक्त, तथा दवाओं और स्वास्थ्य बीमा पर बोझ कम होगा।

## क्यूआर कोड के जरिए ग्रामीण भी ले सकेंगे मनरेगा में होने वाले कामों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम पंचायत में लगाए जाने वाले क्यूआर कोड के माध्यम से ग्रामीण घर बैठे अपने मोबाइल फोन से मनरेगा के पिछले तीन वर्षों की पूरी तस्वीर देख सकेंगे।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में पारदर्शिता लाने के लिए क्यूआर कोड लॉन्च किया गया है। सरकार ने पारदर्शिता की एक नई परिभाषा लिखते हुए मनरेगा कार्यों को जनता के लिए पूरी तरह खुला और सुलभ बना दिया है। हर पंचायत भवन और प्रमुख स्थानों पर विशेष कोड लगाए जा रहे हैं। इसके जरिए प्रत्येक कार्य पर हुए खर्च और भुगतान का



■ **मनरेगा में पारदर्शिता बढ़ाने की गई पहल**

विस्तृत लेखा-जोखा धनराशि का उपयोग कहां हुआ और किसके हाथ में पहुँचा इसकी जानकारी मिल सकेगी। पारदर्शिता, सामूहिक भागीदारी और विश्वास के लिए इसे लॉन्च किया गया है। जिला पंचायत के सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि क्यूआर कोड से अब मनरेगा कार्यों की मिलेगी पूरी जानकारी ग्रामीण करेंगे। योजनाओं की निगरानी, सितंबर तक पंचायत भवनों में चस्पा होंगे। क्यूआर कोड प्रणाली से आम नागरिक को योजनाओं से जुड़ी हर जानकारी तत्काल और पारदर्शी तरीके से मिलेगी। ग्रामीण अपने मोबाइल से इन कोड को स्कैन करके पिछले तीन वर्षों के सभी स्वीकृत कार्यों, व्यय राशि, प्रगतिरत कार्यों, जॉब कार्डधारियों की संख्या और कुल सृजित मानव दिवस की पूरी जानकारी सीधे प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार की पहल जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा और पाटन में इसे शुरू किया गया है।

## दुर्ग कलेक्टर से मिलकर पहले ही दर्ज करा चुके हैं शिकायत

# पंचायत सचिवों ने किया आयुष्मान कार्ड बनाने से इंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के पंचायत सचिवों ने आयुष्मान कार्ड बनाने और इससे जुड़े सत्यापन का काम करने से इंकार कर दिया है। पंचायत सचिवों ने इसे लेकर पिछले दिनों कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा।

उन्हें वस्तु स्थिति की जानकारी दी। अवगत कराया कि शासन की योजनाओं से जुड़े और भी काम उन्हें करने पड़ रहे हैं। ऐसे में आयुष्मान कार्ड का काम करना संभव नहीं हो पाएगा। इसे लेकर पंचायत सचिवों की बैठक भी हुई। बैठक के बाद संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिला पंचायत



सीईओ और तीनों जनपद सीईओ को भी ज्ञापन सौंपा। सचिवों ने आयुष्मान कार्ड बनाने से इंकार कर दिया है। उनका कहना है कि वरिष्ठ अधिकारी उन पर दबाव बना रहे हैं। संघ के जिला सचिव शेषनारायण चंद्रवंशी ने बताया कि सचिवों को उनके मूल कार्यों से नहीं भटकाया जाना चाहिए। ग्राम पंचायत सचिव ग्राम स्तर पर एकमात्र कर्मचारी होते हैं। उनके पास पहले से कई जिम्मेदारियां हैं। इनमें लेखा संधारण और 16 पंजियों का अद्यतन शामिल है। वे ग्रामसभा और समितियों की बैठकें भी करवाते हैं। जन्म-मृत्यु और विवाह पंजीयन भी उनकी जिम्मेदारी है। इसे देखते हुए प्रशासन द्वारा जारी आदेश पर पुनर्विचार करने की जरुरत है। बता दें कि पंचायत सचिवों ने इससे पहले भी जिला पंचायत और जनपद पंचायत के सीईओ को वस्तु स्थिति से अवगत कराया था। इसके बाद भी उन पर आयुष्मान कार्ड बनाने का काम किए जाने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है। इसे लेकर पंचायत सचिवों ने कई दौर की बैठकें भी की।

### विभागीय कार्य पहले से ही लंबित

जिला सचिव शेषनारायण चन्द्रवंशी ने कहा कि विभागीय कार्य पहले से ही लंबित हैं। अतिरिक्त दबाव से काम की गुणवत्ता प्रभावित होती है। विभागीय लक्ष्य पूरे नहीं हो पाते हैं। इसलिए सचिवों को केवल उनके मूल विभागीय कार्यों तक सीमित रखा जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया तो वे आगे की रणनीति तय करेंगे।

## खबर संक्षेप



### उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से नवाजे गए नीलकंठ

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में पदस्थ शिक्षक नीलकंठ धनकर को उत्कृष्ट शिक्षक के सम्मान से जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह बालोद में सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने स्कूल के बच्चों के साथ साथ विकास खण्ड व जिला के दूसरे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को भी रविवार के दिन अतिरिक्त समय देकर राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा प्रयास परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क मांडल टेस्ट का आयोजन किया तथा विकास खण्ड स्तरीय प्रयास मांडल परीक्षा का आयोजन कराया गया। इससे डौंडीलोहारा विकास खण्ड से प्रयास परीक्षा में पूरे बालोद जिले में सबसे ज्यादा बच्चे चयनित हुए। सम्पूर्ण भारत वर्ष में हमारे देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमापारा बालोद के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में जिले के सभी विकास खण्डों से चयनित लगभग 316 उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान किया गया। इसमें पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला विकासखण्ड -डौंडीलोहारा में पदस्थ शिक्षक नीलकंठ धनकर को भी उनके विशेष उपलब्धि के लिए उत्कृष्ट शिक्षक के सम्मान से सम्मानित होने पर शाला परिवार के तरफ से प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र, शिक्षिका जानकी देशमुख व धनेश्वरी यादव तथा संकुल समन्वयक थानेश्वर लाल साहू ने बधाई प्रेषित की।

### राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रथम वार्षिकी उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ



**डौंडीलोहारा।** एकलव्य महाविद्यालय में 4 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम वार्षिकी उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी पुरूषोत्तम भुआर्य सहप्रभारी कुलेश्वर पटेल द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवक के कार्यों एवं दायित्वों के उद्देश्य के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। स्वयंसेवकों को एनएसएस के नियमिति गतिविधियां व सात दिवसीय विशेष शिविर तथा बी व सी प्रमाण पत्र के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयं सेवक उपस्थित थे।

### जिला बाल संरक्षण ईकाई व चाइल्ड हेल्पलाइन पदों की पात्र-अपात्र सूची प्रकाशित

**बालोद।** मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला बाल संरक्षण ईकाई एवं चाईल्ड हेल्प लाइन व किशोर न्याय बोर्ड के संचालन हेतु संविदा स्वीकृत 16 पदों हेतु प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार जिले में मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला बाल संरक्षण ईकाई हेतु 08 पद एवं चाईल्ड हेल्प लाइन 08 पदों की पद पूर्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रें का पुनः परीक्षण किया जा कर पात्र, अपात्र सूची तैयार की है, जिसकी सूचना प्रकाशन किया गया है। महिला एवं बाल विकास विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को उक्त के संबंध में दावा, आपत्ति हो तो वे सम्पूर्ण साक्ष्य व प्रमाण सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बालोद के कक्ष क्रमांक 79 में स्पीड पोस्ट, कुरियर, रजिस्टर्ड डॉक के माध्यम से 10 सितंबर 2025 को संध्या 05 बजे तक प्रेषित कर सकते है। समय–सीमा के पश्चात किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार नही किया जावेगा। कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अभ्यावेदन भी स्वीकार नही किया जावेगा। पात्र व अपात्र की सूची कार्यालय के सूचना पटल से अवलोकन किया जा सकता है। उक्त सूची जिला बालोद के वेबसाईट में भी अवलोकन किया जा सकता है।

## सम्मान : शार्वा पढ़ाई कराने के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कर रही कार्य

# व्याख्याता एनुका राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

प्रदेश का सर्वोच्च सम्मान राज्यपाल पुरस्कार 2024-25 के लिए सुश्री एनुका शार्वां व्याख्याता, उच्चतर माध्यमिक शाला डौंडीलोहारा का चयन होने पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के कर कमलों से प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह, शॉल तथा श्रीफल से सम्मानित किया गया। सुश्री शार्वां लगातार पढ़ाई के साथ साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर कार्य कर रहीं हैं, जिसके अंतर्गत कला, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में बच्चों का मार्गदर्शन कर रही हैं, जिसके फलस्वरूप विगत 6 वर्षों से राज्य और एक बार राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। पश्चिम भारत विज्ञान मेला में भी विगत 3 वर्ष से राज्य में प्रस्तुति दे रही हैं। गणित विज्ञान क्लब में जिला स्तर पर बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, इसके अतिरिक्त सुश्री सार्वा छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा बालोद इकाई की भी सदस्य हैं और हर वर्ष पर्यावरण के क्षेत्र में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाती हैं और अलग-अलग गांव में जा जाकर पौधा दान करती है। उनकी सक्रियता का परिणाम है कि उन्हें जिला रेडक्रॉस की 30 सदस्यों में प्रबंधन समिति की सदस्य भी हैं। जिसका ध्येय सेवा, स्वास्थ्य और मित्रता है।कोरोना काल में भी लगातार मोहल्ला क्लास, जागरूकता कार्यक्रम, निःशुल्क मास्क वितरण, पोस्टर बैनर निर्माण आदि कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई।

सुश्री शार्वां 2017 में कैंसर के तृतीय स्टेज से लड़कर आज शिक्षा, संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण आदि सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए लोगों को जागरूक कर रही है जैसे प्रतिवर्ष कैंसर दिवस पर सायकिल रैली, हेयर डोनेशन, मितानिन जागरूकता, किशोरी बालिकाओं का जागरूकता कार्यक्रम आदि।

सुश्री शार्वां प्रशिक्षित कुशल ओडिसी नृत्यांगना भी है और अलग अलग राज्यों में अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं और इन सबका लाभ निश्चित रूप से विद्यालय के छात्र छात्राओं को भी मिल रहा है। और अब कई व्याख्याता उनसे प्रेरणा लेकर सक्रिय कार्य कर रहे हैं। इन सबके अलावा सुश्री शार्वां दो बेटियों को गोद लेकर सिंगल मदर की भूमिका भी बखूबी निभा रही हैं उनका यह निर्णय निश्चित रूप से समाज में निःसंतान दंपतियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन रहा है। सुश्री सार्वा ने जिले के साथ-साथ विकासखंड और अपने गृह ग्राम डौंडी लोहारा का भी नाम रोशन किया है। इसके लिए नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ने बड़े होर्डिंग लगाकर उनका अभिनंदन किया है। सुश्री शार्वां की इस उपलब्धि के लिए तोमन साहू सभापति इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी छत्तीसगढ़, प्रदीप जैन सभापति रेड क्रॉस सोसाइटी बालोद, लिलेंद्र सिन्हा अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, वाई डी साहू प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अश्वन साहू, बी आरसी दिनेश मालेकर, प्राचार्य अनीता सिंह, वाई के दिल्लीवार, खेमन्त साहू, शिक्षक एवं कोषाध्यक्ष तहसील साहू संघ, अनिल दिल्लीवार अध्यक्ष सहायक समग्र शिक्षक संघ, शिवेंद्र बहादुर साहू, सीमा सुशील जामवंते, प्रदीप मेश्राम, एल के ठाकुर, हेमंत साहू, लवण साहू, डुप्ले साहू, सौरभ शर्मा, राकेश कोठारी, कपिल पटेल, बीरेंद्र नायक, वी के भंडारी, रोहणी नायक, बी आर साहसी,आर एन योगी, सूर्योदय मानिकपुरी, अविनाश साहू, भूपेंद्र पटेल, पुष्पा कटेंद्र, छाया नंदा, हेमपुष्पा नाईक, रीना मंडल, निधि यादव, टी साहू और समस्त शिक्षक वृंद ने इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

### उपलब्धियां

- विभागीय पढ़ाई तुहर द्वार_0.1 उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान 2021,
- जिलाधीश द्वारा कोरोना वारियर्स सम्मान 2021
- राज्योत्सव उत्कृष्ट प्रदर्शन सम्मान 2022 जिला बालोद
- मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षा श्री सम्मान 2023-24
- सदस्य जिला प्रबंधन समिति, छ.ग रेडक्रास सोसायटी जिला बालोद की



### कला संस्कृति

- प्रतिभा पारायण महोत्सव कलकत्ता अति उत्तम सम्मान ओडिसी2020
- हिंदुस्तान आर्ट एंड म्यूजिक सोसाइटी प्रमाण पत्र 2019
- मंजरी ओडिसी नृत्यालय प्रमाण पत्र 2018
- शिक्षका जिला स्तरीय उत्कृष्ट सम्मान दुर्ग

### कैंसर के तृतीय स्टेज से लड़ी लड़ाई

सुश्री शार्वां 2017 में कैंसर के तृतीय स्टेज से लड़कर आज शिक्षा, संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण आदि सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए लोगों को जागरूक कर रही है जैसे प्रतिवर्ष कैंसर दिवस पर सायकिल रैली, हेयर डोनेशन, मितानिन जागरूकता, किशोरी बालिकाओं का जागरूकता कार्यक्रम आदि। सुश्री शार्वां प्रशिक्षित कुशल ओडिसी नृत्यांगना भी है और अलग अलग राज्यों में अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं और इन सबका लाभ निश्चित रूप से विद्यालय के छात्र छात्राओं को भी मिल रहा है। और अब कई व्याख्याता उनसे प्रेरणा लेकर सक्रिय कार्य कर रहे हैं। इन सबके अलावा सुश्री शार्वां दो बेटियों को गोद लेकर सिंगल मदर की भूमिका भी बखूबी निभा रही हैं उनका यह निर्णय निश्चित रूप से समाज में निःसंतान दंपतियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन रहा है।

### सामाजिक

- अंचल गौरव सम्मान 2023
- छग के पहरेदार साप्ताहिक पत्रिका द्वारा छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान 2022 शिक्षा दूत सम्मान
- समता साहित्य अकादमी द्वारा सांस्कृतिक दूत सम्मान2022
- जिला पुलिस द्वारा सशक्त महिला सम्मान 2021

# पदोन्नत शिक्षक बारले को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला लमती में समस्त पालक शिक्षक एवं बच्चों द्वारा कन्हैया लाल बारले को ससम्मान विदाई दी गई। विदित हो कि उक्त शिक्षक की पदोन्नति वर्ष 2023 में मिडिल स्कूल खोलझर में शिक्षक पद पर हुई, फिर भी दो वर्ष तक प्राथमिक शाला लमती में संलग्न शिक्षक के रूप में सेवा दे रहे थे। वर्तमान में मिडिल स्कूल खोलझर कार्यरत हैं।

विदाई समारोह का शुभारंभ राष्ट्रगान से हुआ। तत्पश्चात उपस्थित मुख्य अतिथि कन्हैया लाल बारले, विशेष अतिथि परमेश्वर खरे सरपंच ग्राम पंचायत तुमडीकसा, अध्यक्षता कर रहे शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष मुरीत राम ठाकुर, ग्राम प्रमुख पटेल शुक्लू राम पिस्दा, गांव के प्रबुद्ध जन, शंभू राम बढ़ाई, खोरबाहरा यादव, लोकेश रावटे एवं उपस्थित शाला प्रबंध समिति के सदस्य मौजदू थे।

ग्रामीणों द्वारा कन्हैया लाल बारले की कविताओं एवं लेखों को याद कर अपने गांव से एक अच्छे शिक्षक एवं साहित्यकार से दूर होने का खेद जताया गया। विदाई समारोह के अंतिम क्षणों में बारले का सम्मान प्रशस्ति वाचन, प्रतीक चिन्ह भेंट, साल श्रीफल, कपड़े, डायरी, पेन एवं पुष्प गुच्छ देकर ससम्मान विदाई दी गई। बारले द्वारा बच्चों के पानी पीने के लिए दोनों शाला के बच्चों को दो वाटर केन एवं ग्राम के नवयुवकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने एक पीपल का पौधा भेंट किया गया। अंत में राष्ट्रीय गीत के पश्चात प्रसाद वितरण कर विदाई दी गई।

### बिजली करंट की चपेट में आया ठेका श्रमिक

**भिलाई।** बिजली कंपनी के लापरवाही के चलते डेढ माह पूर्व काम पर लगा ठेका श्रमिक करंट के चपेट में आने से गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना धमधा क्षेत्र के ग्राम पगबंधी का है। मिली जानकारी के मुताबिक धमधा स्थित ग्राम पगबंधी ठेलका सब स्टेशन से जुड़े लाइनमैन संतोष तिवारी ने महज डेढ़ माह पूर्व नौकरी में आए अनुभवहीन कर्मी राम वर्मा 32 वर्ष को 11 हजार वोल्ट के ट्रांसफॉर्मर पर काम करने चढ़ा दिया। बिना बिजली बंद कराए, सेफ्टी प्रोटोकॉल अपनाए ट्रांसफॉर्मर का डियो और फ्यूज काटकर ट्रांसफॉर्मर निकालने की जिम्मेदारी राम वर्मा को दी गई। तभी करंट का जोरदार झटका लगा गंभीर हो गया। घायल राम वर्मा का उपचरा भिलाई के निजी अस्पताल में जारी है। परिजनों के मुताबिक राम वर्मा की रीढ़ की हड्डी पूरी तरह टूट चुकी है। फेफड़े भी गंभीर चोट है। फिलहाल दोनों पैर काम नहीं कर रहे। इसकी जानकारी परिजनों को डॉ. ने दी है। घायल राम वर्मा की पारिवारिक स्थिति कमजोर है।




# नगर में मना ईद-ए-मिलादुन्नबी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्ली राजहरा

मुस्लिम समाज की ओर से 5 सितंबर को पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्मदिवस ईद-ए-मिलादुन्नबी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर जामा मस्जिद में विशेष सजावट की गई और सुबह जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया।

बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या में सहभागिता वाले इस जुलूस की शुरुआत परचम कुशाई और फातिहा से हुई। नायब इमाम अकीक अहमद नूरी ने तकरीर पेश करते हुए कहा कि हमारे नबी रहमतुल्लिल आलमीन बनकर आए और इंसानियत व मोहब्बत का पैगाम दिया। हमें उनके बताए रास्ते पर चलकर अमन, भाईचारे और इंसानियत को कायम रखना चाहिए। उन्होंने प्रदेश की खुशहाली और देश में शांति की दुआ मांगी।

जुलूस शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ पुनः जामा मस्जिद पहुंचा। इस दौरान नातख्वांओं ने पैगंबर-ए-इस्लाम की शान में नात और मनकबत पेश की, जिससे पूरा माहौल इबादत और रूहानियत से सराबोर हो गया। जुलूस के बाद आम लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। जुलूस-ए-मोहम्मदी में मुख्य रूप से हाजी मजीद, हाजी मोईद शफी, हाजी नासिर मुन्ना, साऊद आलम साहब, हाजी आर.आई. साहब, हाजी हाशमी, हाजी सनव्वर, हाजी अफजल, मुनव्वर हुसैन गुलाम शिमनानी, शेख नय्ययुम, अशरफ मेमन, नवाब बड़गुजर, शफी बक्श सहित समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# पूर्व नपा अध्यक्ष ने बच्चों को पेंसिल बॉक्स प्रदान किया

**डौंडीलोहारा।** नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू ने 5 सितंबर को जन्मदिन पर सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के सभी बच्चों और शिशु मंदिर के छात्राओं और प्राचार्य के साथ प्रशिक्षण केंद्र में सभी लड़कियों व महिलाओं द्वारा बनाया गये पेंसिल बॉक्स का वितरण निशुल्क किया। कार्यक्रम के दौरान शिशु मंदिर के प्राचार्य डोमार सिंह साहू, सुकतेलजी, श्रीवासजी, शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ-साथ सिलाई प्रशिक्षण की युवती व महिलाएं पूर्व पार्षद दशोदा भूआर्य, पूजा टंडन, लक्ष्मी राणा, योगिता साहू, ममता चुरेंद्र, चंद्रिका ढाले, अंजू तारम, खिलेश्वरी पटेल, उमेश्वरी कारते, भावना भंडारी, सुनीता साहू, रानी कोसमा, योगिता सिन्हा, रानी पटेल, चांदनी, श्वेता यादव, गोमती यादव, केसु राम साहू, गैंदलाल ठाकुर, खिलेश ठाकुर, पवन साहू, डॉ. पुनेश साहू, डा. सरकार ने लोकेश्वरी साहू के सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

# डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने के लिए निविदा का लिया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



लक्ष्मीपति राजू अध्यक्ष, खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग की अध्यक्षता में सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में नगर पालिक निगम भिलाई सेवा अन्तर्गत आने वाले वार्डो की 52 1/2 वार्डो में साफ-सफाई कार्य हेतु स्कोप आफ वर्क के अन्तर्गत नाली, सड़क, बाजार, आवासीय एवं व्यवसायिक क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य तथा अन्य कार्य हेतु निविदा आमंत्रित करने प्रस्ताव महापौर परिषद / सामान्य सभा के माध्यम से राज्य शासन को भेजे जाने एवं वार्डों में आवश्यकतानुसार टूटे फूटे नालियों की संधारण और खुले नालियों को स्लेब से ढकने एवं नाली निर्माण कराने की प्रस्ताव तैयार कर जोन स्तर पर जोन आयुक्त को प्रस्ताव प्रस्तुत करने तथा भिलाई क्षेत्रान्तर्गत आने वाले वार्डों में गंदगी फैलाने वाले व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं नागरिकों को अर्थदण्ड से दंण्डित करने की कार्यवाही किये जाने के संबंध में सर्व सम्मति से अनुशंसा की गई। सलाहकार समिति की बैठक में अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू, सदस्य कोमल दास टंडन, सरीता देवी, एम. लक्ष्मी गोपाल, के. जगदीश, पी. के श्याम सुदर, राव, ईश्वरी नेताम, डी. सुजाता एवं अभिषेक मिश्रा स्वच्छता समिति के सदस्य एवं जावेद अली, सचिव खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के सचिव/स्वास्थ्य अधिकारी, राजेश पालवे प्र. सहायक अधीक्षक उपस्थित थे।

# सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का लोगों को पालन करना बेहद जरूरी: एएसपी ऋचा मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



दुर्ग ट्रैफिक पुलिस ने शंकरा विद्यालय, हुडको, जिला दुर्ग में रोटरी क्लब भिलाई के सहयोग से सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) दुर्ग ऋचा मिश्रा शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों को यातायात नियमों के अनुपालन के लिए विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। एएसपी ट्रैफिक मिश्रा ने हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों, ट्रिपल सीट वाहन संचालन की मनाही और अन्य यातायात नियमों की व्यावहारिक उपयोगिता पर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना हर नागरिक का दायित्व है, जो न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा बल्कि सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सुरक्षा के तहत दुर्ग यातायात पुलिस जन-जागरूकता, शिक्षा तथा प्रवर्तन संबंधी गतिविधियां लगातार संचालित की जा रही हैं। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के ठोस परिणाम सामने आ रहे हैं।

**यातायात पुलिस ने की अपील-** इस दौरान यातायात पुलिस ने आम नागरिकों विशेषकर अभिभावकों और विद्यार्थियों से अपील किया कि सड़क पर चलते समय सदैव यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का नियमित प्रयोग करें तथा जिम्मेदार यातायात नागरिक बनकर ऑपरेशन सुरक्षा को सफल बनाने में सहभागिता निभाएं।

## पेज 9 के शेष...

### 5 रुपये को लेकर...

रोगहा ल कहकर बोली, उसके बाद मैं वहां से घर चला गया, घर जाकर अपनी पत्नि हितेश्वरी साहू को घटना के बारे में बता रहा था, फिर बात सुनकर मेरे पिताजी माखन लाल नीचे आकर मेरे से पूछा क्या बात है, तब मैं बताया कि 05 रू0 के लिये छन्नू साहू मेरे साथ गाली गलौज किया है, फिर मेरे पिताजी माखन लाल दुकान में जाकर रामेश्वरी साहू को बोलने लगा कि 05 रू0 के लिए क्यो बोल रहे हो, दो चार दिन उपर नीचे हो जाता है, पहले भी आपके दुकान से खरीददारी करते थे, करके मेरे पिताजी बोले तब मैं उसी समय पिछे से अपने बच्चे को गोद में लेकर आया, तो रामेश्वरी साहू मार रोगहा मन ल बोलकर अपने पति छन्नू राम साहू के साथ छन्नू किराना स्टोर्स बाहर निकल कर मुझे छन्नू साहू एवं रामेश्वरी साहू हाथ से मारपीट किये, उसी समय रामेश्वरी साहू का बड़ा लडका (सोनू साहू) आया और खिंचकर मुझे और मेरे बच्चे को गिराया और पैर लातों से मारने लगा, उसी समय मेरी पत्नि हितेश्वरी आयी और मेरे पिताजी माखन लाल और मेरी पत्नि बीच बचाव किया, मारपीट करने से मेरे पीठ और जांघ में दर्द हो रहा है। जिसके बाद ज्ञानचंद साहू की रिपोर्ट पर पुलिस ने रामेश्वरी साहू, छन्नुराम साहू, छन्नुराम साहू का बड़ा लड़का के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

### दो शिक्षकों की...

और अभिभावकों के साथ सही नहीं है। वे स्कूल में पूरा दिन मोबाइल चलाते रहते हैं और अक्सर दोपहर के बाद स्कूल से गायब हो जाते हैं। जब उनसे इस बारे में पूछा जाता है तो वे यूरिन में इन्फेक्शन का बहाना बनाते हैं और मेडिकल जांच के लिए कहने पर दुर्व्यवहार करते हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पहले भी उन्हें खुटेरी स्कूल से हटाकर कहीं और भेजा गया था।

ग्रामीणों ने बीईओ से दोनों स्कूलों का निरीक्षण करने, शिकायत की जांच करने और इन दोनों शिक्षकों को हटाकर उनकी जगह नए शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग की है। इस दौरान सरपंच पुखराज देशमुख, जिवेन्द्र साहू और शुभकरण साहू सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### तीन स्कूल के शिक्षक...

विधायक कुंवर सिंह निषाद, राकेश यादव भूतपूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद, तारनी चंद्राकर जिला पंचायत अध्यक्ष बालोद, नगर पालिका बालोद सीईओ, गुण्डरदेही बीईओ नवीन कुमार यादव और बीईओ हिमांशु मिश्रा उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### हनुमान मंदिर नवनिर्माण के लिए हुई पूजा-अर्चना

**गुरूर।** हनुमान मंदिर के नवनिर्माण के लिए विधिवत पूजन अर्चन कर हनुमान की अस्थायी स्थापना ग्रामीण पदाधिकारी अध्यक्ष राजेंद्र गंजीर, उपाध्यक्ष रामस्वरूप सिन्हा, सचिव कांशी राम कलिहारी, कोषाध्यक्ष उदय सिंह ठाकुर, ग्रामीण पटेल रामचरण सिन्हा, युगलकिशोर साहू, उपसरपंच पंचराम निषाद, ग्रामीण बैगा, मानिकचंद गजेंद्र, छगन सिन्हा और ग्रामीण जनों की उपस्थिति में की गई।

### मोखा में हुई कबड्डी प्रतियोगिता

**बालोद।** गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत मोखा में नवयुवा गणेश उत्सव समिति एवं ग्रामीणों द्वारा बस स्टैंड के समीप एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रजोली के सरपंच त्रयोदश मुकेश, विशिष्ट अतिथि भूपत साहू कुम्हली, मोतीराम साहू शामिल हुए। समापन समारोह में अतिथियों ने सभी खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया तथा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि कबड्डी सचमुच हमारा एक प्राचीन खेल है, जो भारत की संस्कृति और इतिहास में गहराई से जुड़ा हुआ है। इसका उत्थान हर संभव प्रयास से किया जा सकता है, जिसके लिए शिक्षा और खेल को जोड़ना, सामुदायिक स्तर पर बढ़ावा देना और प्रो कबड्डी लीग जैसे पेशेवर मंचों का समर्थन करना चाहिए। इसके माध्यम से शारीरिक फिटनेस, टीम भावना और भारतीय परंपराओं को बढ़ावा मिलता है। इस दौरान समिति के सदस्यगण मूलचंद, नूतन, पारसमणी, दुष्यंत कुमार, मनीष, खोमेंद्र, टेकराम, नवीन, नंदकुमार, खेमलाल, टेमन, डीकेश्वर, जीतू यादव, कमल, मोंनू, भूपेंद्र, महेश्वर, योगेश, राजू, सोहन, बलराम मनस्वी, पंकज, सागर, भावेश तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थित थे।

### मंदिर परिसर में नवरात्रि तैयारी को लेकर आज बैठक

**गुरूर।** कंकालिन मैया मंदिर परिसर पर नवरात्रि के शुभारंभ के अवसर पर चर्चा के लिए कार्य समिति की बैठक 7 सितंबर को रखी गई है, जिसकी अध्यक्षता जनार्दन सिंह अध्यक्ष मां कंकाली मैया मंदिर समिति कनेरी करेंगे।

### धूमधाम से मनाई गई अनंत चतुर्दशी महाभंडारे में उमड़ी भीड़



**बालोद/निकुम।** युवा उत्सव गणेश समिति स्कूल पारा मोहंदी पाठ में अनंत चतुर्दशी पर्व हवन पूजन यज्ञ कर महा भंडारा हुआ, जिससे समिति के सदस्य डामेश्वर साहू, मानसिंह, प्रताप देवांगन, मिथलेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

चिंता : घुमंतू मवेशियों से फसल बचाने के लिए ग्रामीण कर रहे रात्रिकालीन पहरेदारी

# अच्छी फसल के बावजूद चिंतित हैं किसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले में इस वर्ष अच्छी बारिश होने के कारण किसानों के चेहरे खिले हुए है और अच्छी बारिश के कारण फसल अच्छी होने की उम्मीद किसान लगा रहे है। लेकिन वर्तमान में किसानों को फसल बीमारियों से बचाने से ज्यादा घुमंतु मवेशीयो से फसल बचाने की चिंता बनी हुई है। इसी के तहत जिले के कई ग्रामो के ग्रामीणो को आत्मनिर्भर होकर मवेशीयों से फसल की सुरक्षा करते दिख रहे है। जिसके तहत पालियो में दिन व रात ग्रामो के बाहर मुख्य रास्तो मे रहकर ग्रामीण फसल सुरक्षा कर रहे है। एक ऐसा ही जिला मुख्यालय से लगा ग्राम बघमरा में देखने को मिला जहां ग्रामीणो ने एकजुटता होकर घुमंतु मवेशी से फसल सुरक्षा कर रहे है। जिसके लिए ग्रामीण लगातार वार्ड अनुसार अपनी पारी के हिसाब से पहरा देते दिख रहे है। जहां जिले के कई ग्रामो के लोग वर्तमान में स्वयं से नियम बनाकर मवेशीयो से फसल सुरक्षा करने मे लगे हुए है। जिसके लिए वे ना सिर्फ दिन मे जाग रहे है बल्कि रातजगा कर मवेशीयो से फसल की सुरक्षा करते दिख रहे है।

■ रेलवे फाटक के पास रातभर जागकर रोकते हैं मवेशियों को

ग्राम बघमरा के ग्रामीण ओमप्रकाश साहू, मोरध्वज साहू, तीरथ ठाकुर, अमरनाथ, कुंजाम पटेल ने बताया कि उनके ग्राम मे ग्रामीण एकजुटता के साथ ग्राम में लगे फसलो की सुरक्षा के लिए दिन रात एक करके अलग अलग पारियो में फसल की सुरक्षा में लगे हुए है। जिसके तहत ग्रामीण दो पालियो मे सुरक्षा करने का काम करते है जिसमे सुबह 9 से शाम 6 बजे तक ग्राम के 5 लोग रहते है और शाम 6 बजे से सुबह 9 बजे तक पुनः ग्राम के अन्य 5 लोग पहरा देने का काम करते है। इस दौरान ग्राम के लोग मवेशीयो को खेतो में पहुंचने से भगाने के लिए लाठी डंडे पकड़े रहते है। ताकि उन्हे खेतो मे जाने से भगाया जा सके। इस दौरान 5 लोगो मे से अगर कोई खाना खाने जाता भी है तो सभी एक साथ नही जाते बल्कि प्रत्येक व्यक्ति बारी बारी से खाना खाने जाता है ताकि बाकी अन्य बचे लोग फसल की सुरक्षा करते रहे।





### वार्डवार पारी लगाकर दिन-रात ग्रामीण दे रहे पहरा

ग्राम के अरूण यादव, शिव साहू, चन्द्रहास यादव, रमेश्वर साहू ने बताया कि यह कार्य उनके ग्राम मे पिछले 3 सालो से किया जा रहा है और फसलो से सुरक्षा के लिए यह विशेष कदम ग्राम मे सामूहिक बैठक आयोजिक कर लिया गया है। जिसमे निर्णय लिया गया है कि एक दिन मे दो पालियो मे पांच–पांच करके लोग फसलो की सुरक्षा करेगें। जिसमे प्रत्येक दिन अलग अलग वार्ड के लोगो की पारी लगती है।

ग्रामीणो ने बताया कि ग्राम मे 18 वार्ड है जिसमे फसल सुरक्षा के लिए प्रत्येक वार्ड का क्रम अनुसार पारी लगती है, जिसमे ग्रामीण बालोद शहर से बघमरा मार्ग पर स्थित रेल्वे फाटक के पास रहते है ताकि शहर से दिन के साथ रात मे फसल खाने के लिए आने वाले मवेशीयो को रोकने का काम करते है, जिसमे दिन मे तो ग्रामीण फाटक या आस पास रहकर काम चला लेते है लेकिन रात को बारिश से बचने के लिए रेल्वे फाटक के पास स्थित दुकानो के पास रहकर रातभर शहर से आने वाले मवेशीयो को ग्राम के तहफ आने से बचाते है। जिसके कारण वर्तमान मे ग्राम बघमरा का फसल की तारिफ गुजरने वाला हर राहगिर करते दिख रहा है तथा ग्राम बघमरा की एकजुटता की सराहना कर रहा है।



## अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमा का हुआ विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय जुंगेरा में अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर श्री गणेश प्रतिमा का विधिवत पूजन, यज्ञ–हवन व आरती का आयोजन किया गया। गणेश चतुर्थ के दौरान स्थापित भगवान विघ्नहर्ता की प्रतिमा का समापन अनंत चतुर्दशी को भक्ति–भाव के साथ किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय के सामने राहगीरों और आगंतुकों को खीर–पूरी की प्रसादी वितरित की गई। पूजन के दौरान भगवान गणेश से जिलेवासियों के सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता पवन साहू, जिला महामंत्री राकेश (छोटू) यादव, जिला मंत्री प्रेम साहू, पूर्व जिला कार्यालय मंत्री लोकेश श्रीवास्तव, जिला कार्यालय मंत्री विनोद जैन,रश्मी साहू, मंडल अध्यक्ष अरुण साहू सहित, दुर्जन साहू, सतानंद साहू, वीरेंद्र साहू, संतोष साहू, बालसिंग साहू, छगन साहू, विनोद गिरी गोस्वामी, टिक्कू यादव, रेवा साहू और अनेक कार्यकर्ता व श्रद्धालु उपस्थित थे।

## मुस्लिम समाज ने ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पर निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा



यहां ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम समाज द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से एकजुट होकर रैली निकाली गई। समाज के प्रमुख अध्यक्ष ने कहा कि इस्लाम धर्म में हर साल रबी उल अव्वल महीने की 12 तारीख को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का त्योहार मनाया जाता है, जो इस बार 1500 साल पूरे हो गए। इस दिन इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। उन्होंने अल्लाह के संदेशों को सभी तक पहुंचाया। इस त्योहार को नबी मुहम्मद के जीवन और उनके संदेश के प्रति समर्पित रूप से मनाया जाता है। संजय बैस ने कहा पैगंबर मुहम्मद ने हमें प्रेम और भाईचारे की भावनाओं को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज में समानता और सद्भाव के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने लोगों को दूसरों के प्रति दयालु होने और मानवता की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। रैली में आये सभी लोगों के लिए पोहा, हलवा एवं शरबत का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवी संतोष जैन, पुष्पजीत बैस, रवि यादव, गजेंद्र कुमार, समीम खान, डाक्टर नसीम खान, नईम कुरैशी, साजिद खान, कलाम खान, शमशेर खान, अब्दुल हसीब खान, गुलाम खान, रफीक खान, आरिफ बेग, शरीफ खान, जावेद खान, इमरान खान, सद्दाम खान सहित सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे।

## सेजस भूतपूर्व विद्यार्थियों का स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल अंडा, दुर्ग में भूतपूर्व विद्यार्थियों (एलुमिनीस) का स्नेह समारोह को शाला प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इस कार्य क्रम में सत्र 2000 से 2025 के भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता प्रदान किए। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात सभी अतिथियों,समस्त शाला सदस्यों का सवागत किया गया।विभा एवं साथियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किए।कार्यक्रम में स्वागत वंदन ममता वर्मा के द्वारा किया गया।मंच संचालन स्वाति कोठारी के द्वारा करते हुए एलुमिनीस को क्वीज के माध्यम से उन्हें स्कूल में पुरानी यादें शेयर करवा कर पुरस्कृत भी किया गया। भूतपूर्व विद्यार्थियों, रवि कुमार देशमुख ने बच्चों को अनुशासन में रहने व कड़ी मेहनत करने की सीख दिया। भावेश सिन्हा ने नीट व कृष जोशी ने जे ई ई परीक्षा के विषय में जानकारी दिया। जानवी चंद्राकर ने खेल के प्रति अपनी रूचि बढाने हेतु प्रेरित किया।रूपेश साहू , शेखर ,टीनू, दानेश, दीपांशु,नवीन देशमुख नेअपने अनुभव प्रदान किए। नूतन, वीणा, जागृति, डोमेंद्र, रोनित, प्रवीण,एकता, वैशाली, खुशबू, हर्षित आदि भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। श्वेता साहू कक्षा 12 वी विज्ञान ने अपने मार्गदर्शक भूतपूर्व भाई बहनों को धन्यवाद दिया। जिसमें पूर्व शाला विकास समिति के अध्यक्ष डी पी चंद्राकर,शाला विकास समिति के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि डी डी साहू, प्रभारी प्राचार्य व्ही पद्मावती, जी आर साहू, रेणुका चंद्राकर, इंदु बंजारे, ममता वर्मा, गीता टंडन , कविता लिमजे, संजय सिन्हा,सरोज यदु, एन खान, एस मेश्राम, सीमा शर्मा, आर देवधरे, एल के देशमुख, सुधा चेलक,बी के यदु, बी आर साहू, भोज साहू, विभा दुबे,श्वेता भिमटे,संध्या दुबे,के के सिन्हा, एम भारदीय, दामिनी साहू, चांद माला, सुनील, साधना, संतोष की गरिमामयी उपस्थिति थी। जी आर साहू के द्वारा आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गयी।छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के रजत जयंती के शुभ अवसर बच्चों के द्वारा श्वेता भिमटे,व दामिनी साहू के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की संस्कृति व विकास,सरकारी योजनाओं को दर्शाती हुई प्रदर्शनी आयोजित किया गया था।

■ अनुभव और प्रेरणा से सराबोर रहा स्कूल का एलुमिनी मिलन

## खुटेरी में नवयुवा एकता समिति ने कराया सांस्कृतिक आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही क्षेत्र के ग्राम खुटेरी में नवयुवा एकता गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित मयारू दौना सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुए तथा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक नृत्य और गीतों ने पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने आयोजक तथा कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और उनकी कला की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन गांव की सामाजिक एकता और परंपरा को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के बाद उन्होंने ने ग्रामीणों से सीधी मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और निराकरण का भरोसा दिलाया। इस दौरान मुख्य रूप से अश्वनी यादव, सरपंच नमिता साहू, लालवीर राजपूत, पृथ्वीराज साहू, सदानंद साहू, सविता साहू, ढालसिंह साहू, टेमन निषाद, अश्वनी निषाद, राजकुमारी साहू, सियाराम साहू, तोमनलाल साहू, रोमनलाल निषाद, पीलेश कुमार साहू आदि सहित आयोजक समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पर दिखा 7 फीट लंबा अजगर



### वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**बालोद।** ग्राम चिरईगोड़ी में सुबह जब ग्रामीण उठे तो एक अजगर गांव के चौक मे स्थित ट्रैक्टर ट्राली मे बैठा था। जिसके बाद ग्रामीणो मे हड़कंप मच गया। जिसके बाद ग्रामीणो द्वारा अन्य ग्रामीणो को इसकी जानकारी दी गई जहां अजगर को देखने ग्राम के बच्चो से लेकर बुजुर्ग व महिलाओ की भीड़ उमड़ पड़ी।

जिसके बाद ग्रामीणो द्वारा वन विभाग को इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद वन विभाग द्वारा इसका रेस्क्यू किया । मिली जानकारी के अनुसार अजगर की लंबाई 7 फीट थी जो तांदुला से बहकर केनाल के माध्यम से 12 किलोमीटर दूर ग्राम चिरईगोड़ी पहुंचा था। जिसके बाद वह ग्राम के चौक मे रखे हुए ट्राली मे जा छुपा जिसे सुबह ग्रामीणो ने देखा।

## प्रधानपाठक महेन्द्र उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से हुए सम्मानित, कार्यों की हुई सराहना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/कलंगपुर



शिक्षक दिवस एवं छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर 5 सितम्बर को गुण्डरदेही ब्लाक के शासकीय प्राथमिक शाला भरदाखुर्द को उत्कृष्ट विद्यालय के सम्मान से नवाजा गया, साथ ही प्रधानपाठक महेन्द्र कुमार साहू को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया।

यह जिला स्तरीय सम्मान संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, जिला शिक्षा अधिकारी बालोद एवं जनप्रतिनिधियों के आतिथ्य में शासकीय प्राथमिक शाला भरदाखुर्द को प्राप्त हुआ। अपनी शाला की इस उपलब्धि के लिए शाला के समस्त शिक्षकों, बच्चों व ग्रामीणजनों में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार यादव, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर, खेमराज साहू, विकासखंड स्त्रेत समन्वयक किशोर कुमार साहू, संकुल प्राचार्य छाया मिश्रा, सरपंच रंजना पवार, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्रभान मेश्राम, शिक्षाविद पवन कुमार सिन्हा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष हेमन्त कुमार साहू, पूर्व सरपंच राजकुमारी साहू, पूर्व सरपंच कमलकांत सिन्हा, पुष्पेंद्र देशमुख, पूर्णिमा देशमुख, पूनम खोबरागढ़े, राजकुमार साहू, प्रवीण लोन्हारे, किशन साहू, विकास, जितेंद्र, लक्ष्मी नारायण एवं ग्रामवासियों ने प्रधानपाठक महेन्द्र कुमार साहू के कार्यों की सराहना कर बधाई संदेश दिया।

### जिला सहकारी विकास समिति की बैठक 9 को

**बालोद।** जिला सहकारी विकास समिति की बैठक 9 सितम्बर को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक पश्चात आयोजित की गई है। उप पंजीयक एवं संयोजक सदस्य जिला सहकारी विकास समिति ने सभी संबंधितों से उक्त बैठक में उपस्थित होने की अपेक्षा की है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

निसंतान दंपत्तियों को मिला संतान सुख

# आयुर्वेदिक पंचकर्म व औषधियां बनीं वरदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

विवाह के कई वर्षों बाद भी दंपत्ति को संतान सुख की प्राप्ति नहीं होना परिवार में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं। साधारणतः विवाह के कई वर्षों बाद भी संतान सुख नहीं मिलने का मुख्य कारण स्त्री एवं पुरूष दोनों में हो सकता हैं। पुरुषों में शुक्राणुओं की संख्या तथा अण्डाणुओ के महिलाओं की एवं गर्भाशय की निर्भर करता हैं। दंपत्ति जिन्हें वर्षों बाद भी नहीं हुआ है। महिलाओं में प्रकार तथा अण्डाणु नलिका संरचना पर भी वर्तमान में ऐसे विवाह के कई संतान सुख प्राप्त उनके मुख्यतः दो कारण अत्यधिक सामने आ रहे है। प्रथम पुरुष में शुक्राणुओं की कमीं या नहीं होना तथा महिलाओं में अण्डाणु नलिका (फ्लोपियनट्युब) का बंद या सुजन की वजह से सकरा होना जिस कारण अण्डाणु के सरलता से गर्भाशय में नहीं आ पाते जिस कारण निषेचन की क्रिया नहीं होने से गर्भ धारण करने में कठिनाई उत्पन्न होती हैं। आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में शल्य क्रिया द्वारा ही इस समस्या को दूर की जाती हैं। राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय की वरिष्ठ स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. रूमीना खान ने बताया कि बिना सर्जरी कई महिलाओं की अण्डाणु नलिका के सूजन संकीर्ण, अण्डाणु नलिका या बंद होना आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से पूर्ण रूप सूजन एवं रूकावट का इलाज किया गया हैं। उन्होनें बताया कि बहुत सी महिलाओं के विशेष आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सा जिसमें उतर बस्ति, योनि प्रशोधन, स्नेहन तथा प्राकृतिक औषधियों के माध्यम से उपचार किया गया तथा इनके आहार एवं जीवन शैली में यथोचित बदलाव किया गया जिससे हार्मोनल संतुलन बना रहे एवं मानसिक तनाव की स्थिति न हो जिसके परिणाम स्वरूप महिलाओं के बंद अण्डाणु नलिका पुर्ण रूप खुल गई और कुछ महिनों पश्चात उन्होनें गर्भधारण भी कर लिया डॉ. रूमीना खान ने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली से स्त्री रोगों का उपचार हजारों वर्षों से किया जा रहा हैं और ट्यूबल ब्लोकेज का बिना सर्जरी के उपचार किया जा रहा हैं। इसी प्रकार पुरूष में स्पर्म की संख्या को आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से बढ़ाया जा सकता हैं। उन्होनें कहा कि ऐसे दपंत्ति जिसे कई वर्षों बाद भी संतान सुख की प्राप्ति नहीं हुई और जो सर्जरी नहीं करना चाहते हैं वो आयुर्वेद चिकित्सा करा कर संतान प्राप्त कर सकते है। राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय चंदखुरी में नवीन पद्धति एवं प्रमाणिकता के साथ उपचार किया जाता है। कई दंपत्तियां का सफलता पूर्वक उपचार कर उन्हें निसंतान होने के अभिशाप से मुक्त किया गया हैं उन्हें विवाह के बाद संतान प्राप्त हुए।



